भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3625

जिसका उत्तर 24.03.2022 को दिया जाना है

बगहा-मदनपुर-पनियहवा राष्ट्रीय राजमार्ग

3625. श्री सुनील कुमार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि बगहा से मदनपुर होते हुए पनियहवा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-727 का निर्माण न होने के कारण यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव तैयार किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) (ख) और (ग) जी हां। मौजूदा एनएच के किमी 97 से किमी 104.200 (मदनपुर मोड़) और किमी 104.200 (मदनपुर मोड़) से किमी 110 (उ.प्र. सीमा) तक को चौड़ा करने की मंज़ूरी 2 पैकेजों में दी गई थी। हालांकि, मौजूदा सतह पर बिटुमिनस लगाने के नवीनीकरण कार्य किमी 97 से किमी 104.200 तक किया जा चुका है, जबकि वन विभाग द्वारा वाल्मीकि वन्यजीव अभयारण्य और टाइगर रिजर्व में काम करने की अनुमति नहीं दिए जाने के कारण किमी 104.200 (मदनपुर मोड़) से किमी 110 (उ.प्र. सीमा) तक बिटुमिनस नवीनीकरण कार्य नहीं किया जा सका।

इस मंत्रालय ने उक्त खंड के वैकल्पिक संरेखण विकसित करने के लिए डीपीआर का कार्य शुरू कर दिया है।

*****